### मुआवजा-नौकरी के बाद फिर बेची गई करोड़ों की जमीन

# एसईसीएल की अधिग्रहित भूमि पर फर्जीवाड़े की परतें खुलीं

**बुढ़ार में सरकारी भूमि पर संगठित कब्जे का आरोप**

**नामांतरण रद्द होने के बाद भी जारी अवैध निर्माण**


**दोहरे मुआवजे और फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी से करोड़ों की सरकारी जमीन हड़पने का मामला उजागर**

क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की दशकों पूर्व अधिग्रहित भूमि को फर्जी दस्तावेजों के सहारे निजी बताकर बेचने और उस पर अवैध निर्माण किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई के बाद फिर निर्माण शुरू होना प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े कर रहा है।

शहडोल







जिले के बुढ़ार तहसील अंतर्गत ग्राम बुढ़ार स्थित खसरा नंबर 992/2, रकबा 1.62 एकड़ भूमि को 24 फरवरी 1983 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा कोयला उत्खनन प्रयोजन से विधिवत अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहण के समय तत्कालीन भू-स्वामी बद्री अहिर को नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया गया था, साथ ही अधिग्रहण के लाभांश स्वरूप उनके परिवार के एक सदस्य को एसईसीएल में नौकरी भी दी गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उक्त अधिग्रहण की जानकारी बद्री अहिर एवं उनके समस्त वारिसानों को विधिवत थी। नियमानुसार अधिग्रहण के बाद संबंधित भूमि का नाम राजस्व रिकॉर्ड में एसईसीएल के नाम दर्ज किया जाना था, किंतु राजस्व अमले की कथित लापरवाही के चलते वर्षों तक खसरे में पूर्व भू-स्वामी का ही नाम दर्ज रहा। इसी प्रशासनिक चूक को आधार बनाकर बाद के वर्षों में इस भूमि को निजी भूमि दर्शाने की कोशिश की गई।

शिकायत पत्रों में उल्लेख है कि बद्री अहिर की मृत्यु के बाद उनके वारिसानों के नाम पर भूमि का स्वत्व बताते हुए योगेंद्र शर्मा द्वारा जानबूझकर फर्जी तरीके से पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार कराई गई, जबकि यह स्पष्ट जानकारी थी कि उक्त भूमि स्श्वष्टरु द्वारा पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है और अब वह किसी भी प्रकार से निजी स्वामित्व की भूमि नहीं रही। इसके बावजूद वास्तविक तथ्यों को छिपाकर कलेक्टर न्यायालय से भूमि विक्रय की अनुमति प्राप्त की गई। अनुमति प्राप्त होने के पश्चात योगेंद्र शर्मा ने स्वयं को ही विक्रेता और स्वयं को ही क्रेता दर्शाते हुए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित कराया। शिकायत में यह भी आरोप है कि इस विक्रय पत्र में दर्शाए गए गवाहों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है और पूरे प्रकरण में कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग किया गया।

मामले का एक और गंभीर पहलू यह है कि उक्त भूमि से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के निर्माण के दौरान भी मुआवजा प्राप्त किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, जिस भूमि के बदले पहले स्श्वष्टरु से मुआवजा और नौकरी ली गई थी, उसी भूमि के लिए बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत 14 लाख 56 हजार 500 रुपये का अतिरिक्त मुआवजा भी हासिल किया गया। इस प्रकार एक ही भूमि पर दोहरे लाभ लेकर अंततः उसे करोड़ों रुपये में बेचने की तैयारी की गई। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि नामांतरण रद्द होने के बावजूद वर्तमान में इस करोड़ों की भूमि पर नगर परिषद बुढ़ार क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। न तो निर्माण की अनुमति ली गई और न ही संबंधित विभागों को विधिवत सूचना दी गई। आरोप है कि पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक स्तर पर भी वास्तविक स्थिति को छिपाकर या भ्रमित कर कार्रवाई से बचने का प्रयास किया गया।

सोमवार को शिकायतकर्ता द्वारा एक बार फिर तहसील, जिला प्रशासन एवं स्श्वष्टरु के सोहागपुर एरिया प्रबंधन को सूचना दी गई, जिसके बाद शाम लगभग 4 बजे स्श्वष्टरु के अधिकारी तथा तहसील से राजस्व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रुकवाया गया, लेकिन अधिकारियों के वहां से लौटते ही कुछ ही समय बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यह पूरा प्रकरण केवल भूमि विवाद नहीं, बल्कि सरकारी भूमि को सुनियोजित तरीके से हड़पने का गंभीर प्रयास है। उन्होंने मांग की है कि विक्रेता, कर्ता और इस पूरे प्रकरण में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि करोड़ों की सरकारी भूमि को बचाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मैदान पर अमराडंडी का कब्जा, रोमांचक फाइनल में पड़मनिया को दी पटखनी, विधायक ने बढ़ाया उत्साह



**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पड़मनिया कला में आयोजित फुटबॉल महाकुंभ का समापन अमराडंडी की शानदार जीत के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में अमराडंडी और पड़मनिया के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमराडंडी की टीम ने खिताब अपने नाम किया। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पारंपरिक शैला नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य अमिता चपरा, जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ एम.पी.सिंह और जन अभियान परिषद के विवेक पांडेय भी मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे टूर्नामेंट मील का पत्थर साबित होंगे।

### नगर की 14 बस्तियों में वितरित हुआ अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज



**शहडोल।** सर्व हिंदू समाज के जागरण और एकता का संकल्प लेकर सकल हिंदू समाज के द्वारा 15 से 30 जनवरी के बीच पूरे देश में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहडोल नगर में हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा शहडोल नगर की सभी 14 बस्तियां में कार्यक्रम किया जाना है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा सनातन विधान से प्रत्येक बस्ती कि हिंदू सम्मेलन टोली को अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज का वितरण स्थानीय पंचायती मंदिर प्रांगण में किया गया। हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक राजेश्वर उदानियां, सहसंयोजक एडवोकेट अरविंद द्विवेदी, सह संयोजिका श्रीमती संचिता सरवटे, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती मोनिका राज के द्वारा अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज का वितरण किया गया। गौरतलब है नगर की 14 बस्तियों के हिंदू सम्मेलन आयोजन टोली द्वारा संकीर्तन के साथ अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज को अपने अपने बस्ती के हिंदू सम्मेलन स्थल तक ले जाया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर की मातृ शक्तियों, सज्जन शक्तियां एवं युवा शक्ति की उपस्थिति रही हैं। अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज की हिंदू सम्मेलन स्थल में स्थापित करते समय गौ माता की पूजा अर्चना भी किया जाना है। विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर सर्व हिंदू समाज में उत्साह का माहौल देखा जा सकता है। बस्तियों में प्रत्येक घर में धर्म ध्वज और अक्षत कलश के साथ सम्मेलन के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। सरदार पटेल बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन टोली द्वारा प्रातः काल प्रभात फेरी निकल जा रही है। इसी तरह अन्य बस्तियों में संकीर्तन कलश यात्रा बाइक रैली के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से हिंदू जागरण का कार्य किया जा रहा है।


### दिल्ली से हुई शहडोल की समीक्षा

**शहडोल।** केंद्र सरकार की महात्वाकांक्षी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को धरातल पर उतारने के लिए दिल्ली से सीधी निगरानी शुरू हो गई है। भारत सरकार के संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहडोल जिले में योजना की प्रगति, समन्वय और जिला कार्य योजना की गहन समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने जिले की तैयारियों का ब्योरा पेश करते हुए बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला धन-धान्य कृषि योजना समिति का गठन कर लिया गया है। साथ ही, जिले के 10 प्रगतिशील कृषकों का चयन कर उनके लक्ष्यों और प्रगति को पोर्टल पर अपडेट कर दिया गया है।

# रेत माफिया बेलगाम, थानों की सरहद में फलता अवैध कारोबार

### पुलिस संरक्षण के आरोप, खनिज विभाग मौन,शहर से घाटों तक दिन-दहाड़े दौड़ रहीं रेत की गाडि़यां

शहडोल



जिले में अवैध रेत कारोबार एक बार फिर खुलेआम सिर उठाता दिखाई दे रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फैले घाटों से लेकर शहडोल मुख्यालय की सडक़ों तक रेत से लदी गाडिय़ां बेखौफ दौड़ रही हैं। आरोप है कि इस पूरे तंत्र को स्थानीय स्तर पर संरक्षण मिल रहा है, जिसके चलते न पुलिस की सख्ती दिखती है और न ही खनिज विभाग की सक्रियता कहीं दिखाई पड़ रही है।

सूत्रों के अनुसार बिजौरी घाट में राकेश के नाम से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लंबे समय से जारी है। वहीं नरवार घाट क्षेत्र में पंकू और सोनी के नाम सामने आ रहे हैं, जिनके नेटवर्क से रोज़ाना भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। इन गतिविधियों को लेकर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि सोहागपुर थाना क्षेत्र से जुड़े एक पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध है और उसी संरक्षण में रेत की गाडिय़ां निर्बाध निकल रही हैं। स्थानीय लोग इसे प्यासा सिस्टम कहकर व्यंग्य कर रहे हैं, जहां नियम सूख गए हैं और अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

बुढार के हड़हा घाट को इन दिनों अवैध रेत कारोबार का प्रमुख केंद्र बताया जा रहा है। आरोप है कि बुढ़ार थाना क्षेत्र से जुड़े चेतराम नामक पुलिसकर्मी के मैनेजमेंट में यह धंधा सुचारु रूप से चल रहा है। रात से लेकर भोर तक घाटों पर मशीनें चलती हैं, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भरती हैं और फिर शहडोल-बुढार-धनपुरी की सडक़ों पर रेत की खेप पहुंच जाती है। शहडोल मुख्यालय में दिनभर अलग-अलग मार्गों पर अवैध रेत ढोती गाडिय़ां दिखना आम हो चुका है। ओवरलोडिंग, बिना रॉयल्टी पर्ची और नियमों की धज्जियां उड़ाती ये गाडिय़ां दुर्घटना का खतरा भी बढ़ा रही हैं। बावजूद इसके पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई नदारद है। यही हाल बुढ़ार-धनपुरी क्षेत्र का है, जहां रेत की गाडिय़ां पूरी तरह बेलगाम बताई जा रही हैं।

हैरानी की बात यह है कि रेत कारोबार से जुड़ी शिकायतें और आवेदन अधिकारियों की मेज़ों तक तो पहुंच रहे हैं, लेकिन कार्रवाई फाइलों में ही सिमट जाती है। नीचे-ऊपर, घाट-शहर—हर स्तर पर नेटवर्क इतना मजबूत बताया जा रहा है कि जिम्मेदार विभाग खाली जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक कथित संरक्षण पर सवाल नहीं उठेंगे और निष्पक्ष जांच नहीं होगी, तब तक रेत माफिया पर लगाम लगना मुश्किल है। जिले में पर्यावरणीय नुकसान, सडक़ सुरक्षा और राजस्व हानि के बीच यह सवाल अब और तेज हो गया है, क्या नियम सिर्फ कागज़ों के लिए हैं, और क्या अवैध रेत कारोबार पर मुकुट-दर्शन कर बैठा प्रशासन कब जागेगा?

# कृषि विभाग ने जारी की सख्त एडवाइजरी

**शहडोल।** कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच फसलों पर मंडराते पाले के खतरे को देखते हुए कृषि विभाग ने जिले के किसानों के लिए हाई-अलर्ट जारी किया है। प्रभारी उप संचालक कृषि अनुराग पटेल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि समय रहते सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए, तो गेंहू और तिलहनी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।

### खेतों में धुआं और नमी है अनिवार्य

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि रात के समय खेतों की मेड़ों पर गीली घास या पराली जलाकर धुआं करें, ताकि तापमान को नियंत्रित किया जा सके। साथ ही, मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करना अनिवार्य है। ओस जमने की स्थिति में यह धुआं पत्तियों पर बर्फीली परत बनने से रोकेगा।

### सल्फर का उपयोग और सुरक्षा चक्र

फसलों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों ने सल्फर या थायोयूरिया के छिडक़ाव के निर्देश दिए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि किसान मौसम विभाग की सूचनाओं को नजरअंदाज न करें। संवेदनशील पौधों को पॉलीथिन या सूखी पुवाल से ढंकें। प्राकृतिक आपदा से आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा अनिवार्य रूप से कराएं। तापमान गिरने की स्थिति में रात की निगरानी बढ़ाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में वित्तीय सुरक्षा के लिए फसल बीमा ही एकमात्र सहारा है, इसलिए इसमें लापरवाही न बरतें।

# बनास नदी पर हुई एशियाई जल पक्षियों की गणना



**शहडोल।** पर्यावरण संतुलन और जलीय वन्यजीवों के डेटा संग्रहण हेतु वन विभाग ने एशियाई जलपक्षी गणना 2026 के तहत बनास नदी के तटीय क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। ब्यौहारी से 30 किमी दूर ग्राम हथवार में विशेषज्ञों की टीम ने जलीय जीवों की मौजूदगी दर्ज की।

इस सर्वेक्षण में रूडी, शेलडक, किंगफिशर और कुरमब्रेंट जैसे दुर्लभ प्रवासी व स्थानीय पक्षी बड़ी संख्या में चिन्हित किए गए। गणना के दौरान एसडीओ विनोद झाकड़, रेंजर रजनीश त्रिपाठी और ए.पी.एस. भदौरिया सहित स्थानीय नागरिक सक्रिय रहे। विभाग का उद्देश्य इन पक्षियों के संरक्षण हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करना है, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

# शहडोल में अब 11 बजे से खुलेंगे स्कूल और आंगनबाड़ी



**शहडोल।** जिले में भीषण ठंड और शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के दृष्टिगत जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों सहित आंगनवाडिय़ों के समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन कर दिया है। अब 20 जनवरी 2026 तक सभी शैक्षणिक संस्थान प्रातः 11 बजे से संचालित होंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित शेड्यूल पर ही होंगी, उनमें कोई बदलाव नहीं होगा। साथ ही, शिक्षकों को निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व आज

**शहडोल।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व आज 6 जनवरी को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व के लिए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में विशेष सजावट की गई है।इस अवसर पर भाई मनप्रीत सिंह जी नासिक वाले विशेष कीर्तन दीवान सजाएगे। 6 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 9:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ की समाप्ति होगी।



सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक भाई मनप्रीत सिंह जी नासिक वाले कीर्तन दीवान सजाएंगे।दोपहर 12:30 बजे से 1 बजे तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी कीर्तन करेंगे। अरदास के बाद लंगर बरताया जावेगा। रात के दीवान में शाम 7:30 बजे से लेकर 9:00 बजे तक नासिक से आए भाई मनप्रीत सिंह जी कीर्तन करेंगे। अरदास के बाद गुरु का लंगर बरताया जाएगा। रात को रंगारंग आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है। श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शहडोल नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु की खुशियां प्राप्त करें।

**मुख्यमंत्री के आगमन पर शहडोल में हलचल**

# जैतपुर के भठिया मंदिर में जुटेगा जनसैलाब

शहडोल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित 9 जनवरी के जैतपुर भ्रमण को लेकर प्रशासनिक गलियारों से लेकर राजनीतिक हलकों तक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भठिया मंदिर परिसर में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में विधायकों और आला अधिकारियों की एक हाई-प्रोफाइल बैठक संपन्न हुई।




### विधायकों और प्रशासन ने संभाली कमान

बैठक में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, ब्यौहारी विधायक शरद कोल और जिला योजना समिति सदस्य श्रीमती अमिता चपरा की मौजूदगी में व्यवस्थाओं का खाका खींचा गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दो टूक शब्दों में विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी है कि सौंपे गए दायित्वों में रत्ती भर भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लोकार्पण और हितलाभ पर रहेगा जोर

मुख्यमंत्री के इस प्रवास के दौरान करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मंच से हितलाभ का वितरण भी होगा। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, और जनजातीय लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षक और सूचनाप्रद होनी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह और एसडीएम सुश्री काजोल सिंह सहित तमाम विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रशासन का पूरा जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा जैतपुर विधानसभा के लिए ऐतिहासिक साबित हो।

# डीन डॉ. रामटेके ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का शंखनाद



**शहडोल।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज़ हो गया है। महाविद्यालय के डीन डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए इस स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिकित्सा की कठिन पढ़ाई के बीच खेल भावना और शारीरिक फिटनेस अनिवार्य है।

10 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें खिताब के लिए दमखम दिखाएंगी। डीन ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में टीम वर्क और अनुशासन की नींव मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और भावी डॉक्टर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता मेडिकल छात्रों को अपनी खेल प्रतिभा साबित करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रही है।

## लापरवाही बरती तो खैर नहीं: नपा अध्यक्ष

# इंदौर कांड से सबक लेने की चेतावनी

**उमरिया**





शहर की पेयजल व्यवस्था में किसी भी स्तर पर कोताही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इंदौर नगर निगम क्षेत्र में दूषित जल से हुई मौतों और जनहानि की गूंज अब उमरिया में भी सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह ने खलेसर स्थित जल शोधन संयंत्र (फिल्ट्रेशन प्लांट) का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक अमले की क्लास ली और स्पष्ट किया कि जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर और उपयंत्री देवकुमार गुप्ता सहित तकनीकी टीम मौजूद रही। अध्यक्ष ने संयंत्र की मशीनों, जल शोधन की प्रक्रिया और टंकियों की साफ-सफाई का बारीकी से मुआयना किया।

### इंदौर की घटना पर जताई चिंता

अध्यक्ष रश्मि सिंह ने इंदौर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का हवाला देते हुए बेहद सख्त लहजे में कहा कि ऐसी घटनाएं व्यवस्था की विफलता का प्रतीक हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा उमरिया में हमें किसी हादसे का इंतजार नहीं करना है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की बुनियादी जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।

निरीक्षण के दौरान दिए गए कड़े निर्देश

अध्यक्ष ने कहा कि जल शोधन संयंत्र में पानी की शुद्धता की जांच निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित रूप से की जाए। लैब टेस्टिंग में कोई भी लापरवाही सीधे तौर पर कार्रवाई को निमंत्रण देगी। शहर की सभी जल टंकियों की समय-समय पर सफाई और वैज्ञानिक तरीके से सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पाइपलाइन में कहीं भी लीकेज या दूषित पानी मिलने की शिकायत पर क्विक रिस्पॉन्स टीम को तत्काल एक्शन लेना होगा। पेयजल वितरण की समय-सारणी का कड़ाई से पालन हो, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो।

### जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज

श्रीमती रश्मि सिंह ने साफ तौर पर कहा कि वे स्वयं इस व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगी। यदि किसी भी वार्ड में दूषित जलापूर्ति या वितरण में अनियमितता पाई गई, तो संबंधित प्रभारी और अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल वितरण अमले को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए। नगर पालिका प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि वे जल के महत्व को समझें और कहीं भी पाइपलाइन टूटने या पानी की गुणवत्ता में संदेह होने पर तुरंत कार्यालय को सूचित करें। अध्यक्ष के इस कड़े रुख से नगर पालिका के सुस्त पड़े महकमे में हडक्रंप की स्थिति है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

उन्होने प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि धान उपार्जन केंद्रों में बारदानो की कमी को दूर किया जाए तथा धान के परिवहन में तेजी लाई जाए। अत्यधिक ठंड की स्थिति को देखते हुए टेंट, अलाव, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आबकारी विभाग से कहा कि जिले मे हो रही अवैध पैकारी एवं अवैध शराब की बिक्री पर सख्य कार्यवाही की जाए। प्रधानमंत्री आवास का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियो को दिए। उन्होने कहा कि जिन आश्रमों, छात्रावासो मे तीन वर्ष से अधिक समय से अधीक्षक पदस्थ है, उनकी जगह नये अधीक्षको को तैनात किया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, प्रभारी एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रकृति के विनाश पर एनएसयूआई का हल्ला बोल

# उमरिया में एक पेड़-भविष्य के नाम अभियान के तहत दी भाजपा सरकार को चेतावनी



**उमरिया।** जल, जंगल और जमीन को विकास की बलि चढ़ाने वाली नीतियों के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अब निर्णायक जंग छेड़ दी है। मध्यप्रदेश के प्रदेशव्यापी आह्वान एक पेड़-भविष्य के नाम अभियान के तहत उमरिया जिला इकाई ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय) परिसर में वृक्षारोपण कर सत्ताधारियों को कड़ा संदेश दिया।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि पर्यावरण के नाम पर हो रही सरकारी लूट और जंगलों के अंधाधुंध कटान के खिलाफ अपना आक्रोश भी दर्ज कराया।

### विकास की आड़ में विनाश बर्दाश्त नहीं: असलम शेर

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मो. असलम शेर ने सीधे तौर पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दो टूक कहा कि विकास के नाम पर अरावली पर्वतमाला से लेकर सिंगरौली और राजधानी भोपाल तक में जिस तरह हरियाली का कत्लेआम किया जा रहा है, वह आने वाली पीढ़ियों के हक पर डाका डालने जैसा है।

अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर भाजपा सरकार कौन सा भविष्य बनाना चाहती है? सिंगरौली और भोपाल के जंगलों की बलि दी जा रही है। एनएसयूआई छात्र शक्ति के दम पर पर्यावरण विनाश को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। यह वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमारा विरोध प्रदर्शन है।

### छात्र शक्ति ने लिया संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम में छात्र नेताओं ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे लगाएंगे, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए हैं, जबकि आम जनता और पर्यावरण की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अभियान के दौरान सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत तिवारी, कॉलेज अध्यक्ष ओम तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष अनुज वर्मा, शीतला प्रताप सिंह कॉलेज अध्यक्ष अनुराग तिवारी, कॉलेज प्रभारी हसनैन खान, महासचिव अर्पिता तिवारी, आंचल चौधरी, सचिव साक्षी राव, तनुश्री तोमर, सागर मिश्रा, मुस्कान महोबिया, राजा कोल सहित भारी संख्या में छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान थमने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में संगठन इस लड़ाई को गांव-गांव और गली-गली तक ले जाएगा ताकि पर्यावरण के प्रति सो चुकी व्यवस्था को जगाया जा सके।

# फसलों की पाले से सुरक्षा हेतु किसानों को सलाह

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने पाले से फसलो की सुरक्षा हेतु सलाह दी है कि पाला का पूर्वानुमानः जिस दिन आकाश पूर्णतया साफ हो, वायु में नमी की अधिकता हो या कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा कम हो एवं भूमि का तापमान शून्य डिग्री सेंटीग्रेट अथवा इससे कम हो जाए, ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाता है। इस साथ ही पौधों की पत्तियों में उपस्थित जल ठंड से बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जिससे पत्तियों की कोशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है।

पाला से बचाव के उपाय- पाला प? जाने पर नुकसान की संभावना अत्यधिक होती है। ऐसी स्थिति में किसान भाई सावधानी अपना कर फसलो को बचा सकते हैं। पाले की संभावना पर रात में खेत में चारो ओर 6 से 8 जगह पर धुआं करना चाहिये। यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तिया जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जिससे खेत गीला हो जाए। रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पक? कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चले। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है। रसायन से पाला नियंत्रण वैज्ञानिकों द्वारा रसायनों का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये गए हैं। उदाहरणार्थ घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत का घोल (3 से 5 एम.एल./ली. पानी के साथ) घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत बोरान 0.1 प्रतिशत घोल (3 से 5 एम.एल./ली. $1 एम.एल. पानी के साथ) गंधक के एक लीटर तेजाब को 1000 लीटर पानी में मिलाकर छि?कने से लगभग दो सप्ताह तक फसल पाले के प्रकोप से मुक्त रहती है। रसायनों में विशेषतया गंधक के तेजाब का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक तथा किसी कृषि विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिये। उपरोक्त में से कोई भी एक घोल बनाकर छिडक़ाव करके फसल को पाले से बचाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये आपके क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं तकनीकी सलाह हेतु नजदीकी कृषि विज्ञान केन्द्र से संपर्क कर सकते है।

# कोतमा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी का खुलासा

## 12 घंटे के भीतर चोरी गई मोटर साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोतमा के मार्गदर्शन में कोतमा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 04 जनवरी को फरियादी मोहम्मद इकबाल पिता मोहम्मद अहमद, निवासी वार्ड क्रमांक 04, कोतमा द्वारा थाना कोतमा में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी ने बताया कि वह 04 जनवरी को अपने परिजनों को ट्रेन में बैठाने हेतु कोतमा रेलवे स्टेशन गया था, जहां रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के पास उसने अपनी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 65 जेडबी 5429) खड़ी की थी। लगभग आधे घंटे बाद वापस आने पर उसकी मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। अज्ञात चोर द्वारा लगभग 70,000 रुपये की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर थाना कोतमा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना कोतमा पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की सघन जांच की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। परिणामस्वरूप पुलिस द्वारा आरोपी मोहम्मद एनस, उम्र 19 वर्ष, निवासी बनियाटोला, कोतमा को दस्तयाब कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल कीमत लगभग 70,000 रुपये बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना कोतमा के थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के साथ सहायक उप निरीक्षक कमलेश चौहान, आरक्षक 232 अभय त्रिपाठी एवं आरक्षक स्वदेश चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

### जिले में "आनंद उत्सव" मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले में 14 से 28 जनवरी के मध्य "आनंद उत्सव-2026" मनाया जाएगा। इस हेतु जिले में विभिन्न चरणों में पंचायत स्तर से विकासखण्ड स्तर तक आयोजित किए जाने वाले आनंद उत्सव की रूपरेखा निर्धारित करने तथा कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला खेल अधिकारी, आनंद विभाग के समस्त मास्टर ट्रेनर्स, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र होंगे। जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

# भालूमाड़ा पुलिस ने सटोरियों के विरूद्व की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 05 जनवरी को कस्बा जमुना में रेड कार्यवाही कर उजेर बिरियानी के पास जमुना में खेदन लाल नाई पिता स्वर्गीय सुकुल श्रीवास उमर 70 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 जमुना कॉलोनी एवं सूरज श्रीवास पिता खेतन लाल श्रीवास उमर 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 जमुना कालरी थाना भालूमाड़ा का सट्टा के अंकों पर रुपयों का बाजी लगाते मिले जिनके कब्जे से प्रथक प्रथक क्रमशः 510 एवं 610 रुपए एवं सट्टा पर्ची व डॉट पेन जप्त किया गया आरोपीगणों के विरुद्ध के अप.क्र. 07/2026 धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 08/2026 धारा 4(क) सट्टा एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

आरोपी खेदन लाल श्रीवास के कब्जे से नगदी 510 रुपये एवं सट्टा पर्ची व डाट पेन एवं आरोपी सूरत श्रीवास के कब्जे से कल 610 रुपए एवं सट्टा पर्ची व डॉट पेन जप्त किया। कार्यवाही में थाना प्रभारी भालूमाडा उप निरी. विपुल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक अमित घारू, आरक्षक 362 विनोद जाटव की भूमिका रही।

# जिले में घरेलू एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई के लिए स्वच्छता साथी सेवा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।** प्रभारी कलेक्टर श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिले के समस्त अधिकारियों को कहा है कि जिले में स्थित सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा "स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ कर दी गई है। यह सेवा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इस सेवा के अंतर्गत ग्रामीणजन मोबाइल एप के माध्यम से अपने घरेलू एवं संस्था प्रमुख संस्थागत शौचालयों की साफ-सफाई हेतु मांग कर सकते हैं। मांग दर्ज होने के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत एवं स्वच्छता साथी द्वारा निर्धारित समय-सीमा में सफाई कराई जाएगी। सेवा का उपयोग करने हेतु नागरिक गूगल प्ले स्टोर से डब्लू ओ डब्लू एप डाउनलोड कर सकते हैं। एप में लॉगिन कर नाम, मोबाइल नंबर, ओटीपी सत्यापन के पश्चात जिला, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत का चयन कर सफाई सेवा हेतु अनुरोध किया जा सकता है। प्रत्येक सामुदायिक शौचालय की सफाई हेतु 200 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यह राशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भुगतान की जाएगी। प्रभारी कलेक्टर ने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों, पंचायतों एवं नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि इस सेवा का अधिकतम प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को इससे जोड़ें ताकि स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके। यह पहल जिले में स्वच्छ भारत मिशन को नई गति प्रदान करेगी और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 8 को

**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।** *सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर ने सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने को कहा है।*

# हिंदू सम्मेलन को लेकर सकल हिन्दू समाज द्वारा देव स्थान पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न

## नगर की चारों बस्तियों में जनवरी माह में आयोजित होंगे सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।**



हिंदू समाज की एकता, संगठन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सकल हिंदू समाज अनूपपुर नगर द्वारा आज देव स्थान पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम रजहा मंदिर पुरानी बस्ती में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आगामी हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला का शुभारंभ रहा। कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी समुदायों, वर्गों एवं संगठनों के सम्मानित जनों की सहभागिता रही। बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उपस्थित होकर समाज को एकजुट करने के संकल्प को मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर हिंदू समाज के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई कि अनूपपुर नगर की चारों प्रमुख बस्तियों में चरणबद्ध रूप से हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गणेश बस्ती में 18 जनवरी को, राम जानकी बस्ती में 24 जनवरी को, चेतना बस्ती में 27 जनवरी को व सोनभद्र बस्ती में 30 जनवरी को सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों के माध्यम से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों को एक मंच पर लाने, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजन एवं संचालन समिति की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से आगामी सम्मेलनों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने हिंदू समाज की एकता, संगठन और सद्भाव को बनाए रखने हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प एक स्वर में व्यक्त किया।

### सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**उमरिया।** जिला पंचायत उमरिया की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 6 जनवरी को अपरान्ह 1 बजे से जिला पंचायत सभागार में आहूत की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

**खबर संक्षेप**



## अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने भगवान सिंह

**ब्यौहारी।** 4 जनवरी की हुए अधिवक्ता संघ के चुनाव में भगवान सिंह 98 मत प्रकार प्रथम स्थान विजई हुई दूसरे स्थान पर रहे राजकुमार शर्मा कुछ 70 मत मिला तीसरे स्थान पर राम बदन पांडे को 28 मत एवं राम सत्य पटेल को 18 मत प्राप्त हुए अधिवक्ता संघ चुनाव से पहले ही भगवान सिंह का जीतना तय माना जा रहा था क्योंकि दो ब्राह्मण अधिवक्ता खड़े हो जाने से वोट कट गया दूसरी तरफ भगवान सिंह को एक गुट राजनीतिक समर्थन भी मिला जबकि राजकुमार शर्मा को किसी भी राजनीतिक गुट की तरफ से सहयोग प्राप्त नहीं हुआ

## सोशल मीडिया पर चल रही न्यूज़ पर प्राचार्य ने दी सफाई, आरोपों को बताया फर्जी

**ब्यौहारी।** पंडित राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मीडिया को जानकारी दी गई की मेरे ऊपर कुछ स्टूडेंट्स यूनियन संगठनों द्वारा पैसे के लिए दबाव बनाया जा रहा था मैं पैसे कहां से दूं जिस लड़की से अभद्रता का आरोप लगाया जा रहा है छात्रा से मेरे पास लाडली बहन का प्रमाण पत्र बनवाने आई थी मैं अपने चैंबर से उठकर कंप्यूटर ऑपरेटर के पास लाडली बहन का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा इस दौरान हो सकता है उसके धक्का लग गया हो जिसे शरारती तत्व बढ़ा चढ़ा कर पेश कर रहे हैं मैं छात्रा को पुत्रीवत मानता हूं मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है और इस संबंध वीडियो भी सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा है। महाविद्यालय की बीए सेकंड ईयर की छात्रा छात्रा ने बताया कि प्राचार्य का व्यवहार बहुत अच्छा है हम लोगों को पुत्रवत मानते हैं इन आरोपों पर कोई तथ्य नहीं इसी तरह से अन्य छात्र दुर्गेश त्रिपाठी एवं शशांक माली ने भी इस तरह के आरोपी को गलत बताया है

## किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी।

## समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि में किया विस्तार

**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई।

## संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

### थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगवार भूमिगत माइंस के पास

# जंगल में चल रहा 52 परी जुआ

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगवार भूमिगत माइंस के पास जंगल में चल रहा बावन परी (जुआ) अब केवल अवैध खेल नहीं, बल्कि पर्यावरण विनाश और सामाजिक पतन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। महीनों से चल रही इस गतिविधि ने जंगल को जुआ, शराब और असामाजिक तत्वों का सुरक्षित ठिकाना बना दिया है।



**धनपुरी।**

हरे-भरे जंगल में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें, झूठे पत्ते और डिस्पोजल गिलास पड़े मिलना इस बात का प्रमाण है कि यहां नियम-कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगल में ही चूल्हे जलाकर खाना पकाना, शराब परोसना और 52 पत्तों पर परी नचाना यह दर्शाता है कि आयोजकों को किसी कार्रवाई का डर नहीं है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस जुए में युवा वर्ग तेजी से फंसता जा रहा है। आसान कमाई के लालच में लोग अपनी जमा-पूंजी गंवा रहे हैं और कई परिवार कर्ज व बर्बादी की ओर बढ़ चुके हैं। समाज के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक संकेत है।प्रश्न यह उठता है कि पुलिस और वन विभाग की नियमित गश्त के बावजूद यह खेल इतने लंबे समय से कैसे संचालित हो रहा है। यदि विभागीय स्तर पर समय रहते सख्ती दिखाई जाती, तो न जंगल का यह हाल होता और न ही समाज में यह जहर फैलता।अब जरूरत है कि प्रशासन विशेष अभियान चलाकर इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करे, दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करे और जंगल क्षेत्र को असामाजिक गतिविधियों से मुक्त कराए। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है, बल्कि युवाओं के भविष्य और समाज हित के लिए भी अनिवार्य

## जलापूर्ति पर कड़ी निगरानी एवं चाक चौबंद व्यवस्थाएं रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दूषित पेयजल के कारण इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई दुखद घटना के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा नागरिकों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने और लीकेज एवं दूषित जल शिकायतों के निराकरण हेतु ठोस एवं गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। पानी की सैंपलिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। जिसका मोबाइल नंबर 9351136230 है। कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम की प्रतिदिन की जलापूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर निगम की जल प्रदाय शाखा पूरी सक्रियता से नगर के सभी वार्डों की पाइप लाइनों के निरीक्षण और संधारण व मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। निगमायुक्त पाइप लाइनों की लीकेज व जल आपूर्ति व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं, ताकि शहरवासियों को हर हाल में साफ पेयजल की ही आपूर्ति सुनिश्चित हो। इस दौरान कही भी कमियां पाए जाने पर तत्काल ही आवश्यक सुधार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पर सीवर कार्य के दौरान गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी गई है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के बाद स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों से पेयजल के सैंपल लेना शुरू किया गया है । जिसके तहत शनिवार को विभिन्न वार्डों से पानी के 25 सेंपल और रविवार को 42 सैंपल को मिलाकर कुल 67 सैंपलिंग की गई हैं। इनके जांच के बाद पानी के सभी नमूने मानक गुणवत्ता के पाये गये।

## बुढार के साबो-रुंगटा कॉलरी साहू बस्ती में होगा सप्त दिवसीय कबीर महापुराण, गूंजेगा सत्य और समरसता का संदेश

**धनपुरी।**

बुढार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साबो-रुंगटा कॉलरी की साहू बस्ती में आगामी 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक सार्वजनिक सप्तदिवसीय (सत्य प्रकाश) कबीर महापुराण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के कबीरपंथी अनुयायियों व श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजकों के अनुसार, कबीर साहेब के अमृतवाणी और सत्य के संदेश से ओतप्रोत यह अमृतमयी कथा संगीतमय वाचन के साथ प्रस्तुत की जाएगी। कथा के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, आडंबर और भेदभाव को त्यागकर सत्य, प्रेम, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जाएगा।प्रतिदिन दो सत्रों में होंगे प्रवचनसप्तदिवसीय आयोजन के तहत प्रतिदिन अपरान्ह 3.30 बजे से सायं 7.30 बजे तक कथा वाचन किया जाएगा। संगीत और भजन के माध्यम से कबीर साहेब की वाणी को सरल और प्रभावशाली रूप में श्रद्धालुओं तक पहुंचाया



जाएगा, जिससे हर वर्ग के लोग सहज रूप से इससे जुड़ सकें।18 जनवरी को ध्वजारोहण, 25 को दीपमालिकाआयोजन की शुरुआत 18 जनवरी 2026 को ध्वजारोहण एवं तैयारी कार्यक्रम से होगी। वहीं समापन दिवस 25 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से दीपमालिका एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।सपरिवार आमंत्रणआयोजक समिति एवं समस्त कबीरसन ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, पुण्य आत्माओं और धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक आयोजन का पुण्य लाभ लें और कबीर साहेब के सत्य प्रकाश से अपने जीवन को आलोकित करें।इस आयोजन को लेकर साहू बस्ती सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन स्थल को भव्य रूप दिया जा रहा है, वहीं शांति, व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।कुल मिलाकर, यह सप्तदिवसीय कबीर महापुराण न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन होगा, बल्कि समाज को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश भी देगा, जो आने वाले समय में क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## बच्चों ने की कैंप बनास की सैर पशु पक्षियों के बारे में दी गई जानकारी



**ब्यौहारी।**

विकासखंड के अंतर्गत अंशु भारती स्कूल बुडवा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत बनास नदी के किनारे बने कैंप बनास का भ्रमण किया जहां पर पक्षी विशेषज्ञ रामकेश पटेल ने नदी एवं वन्यजीवों के बारे में बताया इसके अलावा पक्षी गणना अभियान में आए हुए उप मंडल ब्यौहारी-एसडीओ अंसज सिंह भदौरिया ने भी बच्चों को जीव जंतु ऑन के संबंध में जानकारी दी कैंप वनास का भ्रमण करने आए सिविल जज पुष्पेंद्र सिंह द्वारा भी बच्चों को कई तरह की जानकारियां दी गई बच्चों को गीता और रामायण की फिल्म भी दिखाई गई कई तरह की जानकारी पाकर बच्चे बहुत खुश हुए विद्यालय के संचालक उमेश कुशवाहा ने बताया कि हमारे स्कूल के बच्चों का हर साल शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है कैंप बनास के बाद बच्चों को परसिली रेस्ट हाउस भी घुमाया गया शैक्षणिक भ्रमण का बच्चों ने खूब लुफ्त उठाया इस दौरान विद्यालय के स्टाफ एवं कैंप बनास के डायरेक्टर सागर दास भी सम्मिलित हुए।

## ओपीएम ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबलों में दिखाई दमदार खेल भावना



**अमलाई।**

औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को ओरिएंट पेपर मिल्स (ओपीएम) एवं कास्टिक सोडा यूनिट के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबले में कास्टिक सोडा यूनिट की टीम 15 ओवर में 118 रन ही बना सकी, जिसके जवाब में ओपीएम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।क्रिकेट मैच के साथ-साथ तवा फेंक, गोला फेंक सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह संपूर्ण खेल आयोजन ओपीएम के सीओओ सीएस काशीकर के संरक्षण में, जीएम (एचआर) रवि प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन तथा कल्याण अधिकारी नागेंद्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में कास्टिक सोडा यूनिट के जीएम अविनाश वर्मा,एचआर अरविंद शुक्ला, विकाश झा, ज्ञानी तिवारी,आशीर्वाद मिश्रा, ओपीएम के जीएम अनिल पांडेय, मनोज अग्रवाल, संजीव जैन, सुनील सिंघल, रवि शर्मा,मंजीत सिंह, काशीनाथ उपाध्याय सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की।इसी क्रम में रविवार को ही बुढ़ार में ओपीएम एवं एडवोकेट इलेवन के बीच भी एक क्रिकेट मैच खेला गया। इस मुकाबले में एडवोकेट इलेवन की टीम 16 ओवर में 115 रन ही बना सकी, जबकि ओपीएम की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मात्र 7 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।इन आयोजनों के माध्यम से ओपीएम प्रबंधन ने कर्मचारियों एवं विभिन्न वर्गों के बीच आपसी समन्वय, स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सकारात्मक संदेश दिया।

## मूलभूत सुविधाओं व रोजगार की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने सोडा फैक्ट्री का घेराव किया

**अमलाई।**

बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण एवं मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने की मांग को लेकर आज सैकड़ों लोगों ने ओरिएंट पेपर मिल्स की कास्टिक सोडा यूनिट (सोडा फैक्ट्री) के सामने टेंट लगाकर शांतिपूर्ण घेराव किया। यह आंदोलन पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, मजदूर संगठनों और प्रभावित वार्डों के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।घेराव का नेतृत्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष, रासायनिक संयंत्र संघ PS-4 भारतीय मजदूर संघ सोडा फैक्ट्री कास्टिक सोडा यूनिट के अध्यक्ष एवं व्हीकल संगठन के संरक्षक डॉ. राज तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन को पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे



जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है।घेराव के दौरान सोडा फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर सभी मांगों पर विचार करने के लिए 15 दिनों का समय मांगा, जिस पर संगठन की ओर से कहा गया कि यदि निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी चचाई सुंदरेश सिंह सहित चचाई थाना का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस की मौजूदगी में घेराव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।डॉ. राज तिवारी ने आरोप लगाया कि सोडा फैक्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है, प्रभावित गांवों के लोगों को रोजगार नहीं दिया गया, मजदूरों को सेफ्टी उपकरण, छुट्टियां व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है।

### पान उत्पादकों ने की शासन से आर्थिक सहायता व बीमा सुविधा की मांग

## कड़ाके की ठंड से पान की फसल चौपट, किसान की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अत्यधिक ठंड पड़ने से उमरियापान क्षेत्र के पान उत्पादकों की पान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे पान उत्पादकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इस संबंध में पान उत्पादक किसानों ने तहसील मुख्यालय उमरियापान पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पान उत्पादक चंद्रकांत चौरसिया,गया प्रसाद चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, जगन्नाथ चौरसिया, राधिका चौरसिया, राकेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, भल्लू चौरसिया ने बताया गया कि ठंड के कारण पान की पूरी फसल खराब हो गई है, जिससे उत्पादकों की आजीविका पर संकट आ गया है। पान उत्पादकों ने मांग है कि फसल क्षति को देखते हुए



शासन द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश जारी किए जाएं।

पान उत्पादक कमलेश चौरसिया, दीपचंद चौरसिया,वीरेन्द्र चौरसिया, कृष्णकुमार चौरसिया, राजेश चौरसिया ने कहा कि विगत वर्षों में उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त पान उत्पादकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने हेतु भोपाल बुलाकर चर्चा की थी और प्रीमियम जमा करने का सुझाव दिया गया था, लेकिन आज तक पान फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से नहीं जोड़ा गया है।उन्होंने शासन से पान फसल को फसल बीमा योजना में शामिल करने की मांग की है। पान उत्पादकों ने कहा कि पान फसल पर हुई क्षति के एवज में सभी पान उत्पादकों को बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे दोबारा उत्पादन



शुरू कर सकें। इसके साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में प्रति पारी 500 रुपये की सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान होने के बावजूद आज तक किसी भी पान उत्पादक को यह सहायता नहीं मिल पाई है। पान उत्पादकों ने पूर्ण क्षति होने पर सहायता राशि दिए जाने की मांग की




है। पान उत्पादक सुदामा चौरसिया, विजय चौरसिया,नरेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, रामेश्वर चौरसिया और सुभाषचंद्र चौरसिया ने बताया कि शासन द्वारा पान उत्पादन बढ़ाने के लिए उद्यानिकी विभाग के माध्यम से विभिन्न सुझाव दिए गए, लेकिन वर्तमान में प्राकृतिक आपदा से फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 22 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (SIR-2026) के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in पर उपलब्ध है। मतदाताओं को सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप सूची में अवश्य जांचना चाहिए। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।इस अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे। उनके माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने, आपत्ति दर्ज करने तथा संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वहीं, यदि कोई मतदाता राज्य से बाहर से स्थानांतरित होकर आया है, तो उसे फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र देना होगा। ऑफलाइन आवेदन करने पर मतदाताओं को बीएलओ से पावती प्राप्त करना न भूलने की सलाह दी गई है। दावे-आपत्तियों के निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता प्रविष्टियों की जांच के उपरांत, कतिपय निर्वाचकों को नोटिस जारी कर सुनवाई 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल गया प्रताप सिंह परिहार का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। वेंकटनगर ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दादा भाई लाल गया प्रताप सिंह परिहार का 85 वर्ष की आयु में रविवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही वेंकटनगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. परिहार का अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 10 बजे अलान नदी घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। निधन का समाचार मिलते ही पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जैतहरी से देवेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय राठौर, वेंकटनगर से धीरेन्द्र सिंह, जहांगीर अहमद, सतीश सिंह, योगेंद्र सिंह, सुदेश शुक्ला, राजेंद्र दुबे, ज्ञानेंद्र दुबे, बालेन्द्र दुबे, विपेंद्र दुबे, पुष्पेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, विपेंद्र सिंह, जितेंद्र सोनी, अनिल सोनी, इलियास अहमद, वेदप्रकाश ओझा, प्रदीप मांझी, राजू श्याम सहित बड़ी संख्या में ग्राम एवं आसपास के लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्व. लाल गया प्रताप सिंह परिहार को उनके सामाजिक योगदान, सरल स्वभाव एवं जनसेवा के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी एवं जनप्रिय व्यक्तित्व खो दिया है।

# अमरकंटक में ठंड का प्रचंड प्रकोप, थर्ड डिग्री की सर्दी से जनजीवन प्रभावित









### मैकलांचल सहित कोयलांचल क्षेत्र में जबरदस्त सर्दी के अलावा सुबह से छाया रहा घना कोहरा

### ठंड के कारण जिले के स्कूलों के समय में परिवर्तन, जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और कोहरे ने नगर में रफ्तार को थाम दिया है. कडाके की सर्दी अब रात के बाद दिन में भी लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर रही है। मैकलांचल सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त सर्दी के अलावा सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है. पिछले 2 दिनों से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाओं की वजह से सूर्य 12 बजे दिन के बाद दिखाई दे रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इसकी वजह से रात के तापमान के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है, सोमवार को सबसे ठंडा दिन रहा। नगर सहित मैकलांचल, कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र मे एक बार फिर मौसम में बदलाव नजर आया। सोमवार को घना कोहरा छाया रहा जिसके कारण ठंड बढ गई।

पवित्र तीर्थ नगरी अमरकंटक में इन दिनों ठंड ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। तापमान गिरकर शून्य से नीचे पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र में थर्ड डिग्री की कड़ाके की ठंड दर्ज की जा रही है। भीषण शीतलहर के चलते अमरकंटक सहित आसपास के अंचलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ठंड का असर इतना अधिक है कि मां नर्मदा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में चारों ओर सफेद बर्फ जैसी चादर दिखाई देने लगी है। सुबह के समय नर्मदा नदी के किनारों पर ओस की बूंदें जमकर बर्फ का रूप ले चुकी हैं, जिससे पूरा इलाका श्वेत आच्छादन से ढका नजर आ रहा है। पेड़-पौधों, घास और खुले मैदानों में भी पाला जमने से प्राकृतिक दृश्य अत्यंत मनमोहक, किंतु ठंड अत्यधिक कष्टदायक हो गई है। कड़ाके की ठंड के कारण सुबह-शाम सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थानीय लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं, वहीं श्रद्धालु और पर्यटक भी ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानियां बरतते नजर आ रहे हैं। शीतलहर के चलते छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं और साफ आसमान के कारण तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि अनावश्यक रूप से सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें, गर्म वस्त्रों का उपयोग करें और ठंड से बचाव के उपाय अपनाएं। अमरकंटक में ठंड का यह नजारा जहां एक ओर प्राकृतिक सौंदर्य को अद्भुत बना रहा है, वहीं दूसरी ओर आमजन के लिए यह कड़ी परीक्षा भी साबित हो रहा है।

#### मौसम में फिर बदलाव, छाया घना कोहरा

मौसम मे आये बदलाव से एक बार फिर से मैकलांचल सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई गई है। रविवार सोमवार की रात्रि से ही ओस की रिमझिम फुहारों के साथ घना कोहरा छाया रहा। सुबह 12 बजे सूर्य देव के दर्शन हुये और आसमान में धूप नजर आई घना कोहरा छाने के कारण शीतलहर चलने के साथ ही ठंड बढ गई। सोमवार को सुबह से लेकर देर रात तक शीत लहर चलती रही। ठंड का प्रकोप बढने के साथ-साथ दिन के तापमान में गिरावट रही और रात का तापमान भी और नीचे गिर गया।

#### घना कोहरा और दृश्यता में कमी

मैकलांचल एवं कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में घना कोहरा देखने को मिला। यह कोहरा विशेष रूप से सुबह के समय दृश्यता को प्रभावित कर रहा था। जिससे सडक़ पर यात्रा करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख सडक़ों पर वाहन चालकों को अपनी यात्रा में अतिरिक्त सावधानी बरततें देखा गया। कोहरे के कारण आवागमन करने वालों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहा।

#### दिनभर चली शीतलहर

सोमवार को आये मौसम में बदलाव से दिनभर शीत लहर चली। जिसके कारण लोगों को हाड कपाने वाली ठंड का अहसास दिला दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी चल रही है, ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है। जिले के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इसके कारण ठंड और भी महसूस होगी, जिससे लोगों को परेशानी हो सकती है। किसानों के लिए यह मौसम सबसे चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि किसानों को अपनी फसलों को ठंड से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी।

#### इसलिए आ रहा बदलाव

मौसम में यह बदलाव एक पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत में प्रवेश करने वाली ठंडी हवाओं के कारण हो रहा है। इसके चलते जिले में अचानक मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। विशेष रूप से मध्य भारत में इन दिनों बादल और कोहरे का असर देखा जा रहा है, जो अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है। इससे तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर ज्यादा महसूस किया जाएगा।

#### स्कूलों की हो छुट्टी

लगातार तीन दिनों से आये मौसम मे बदलाव के कारण सुबह घना कोहरा छाने के साथ ही शीतलहर चलने के कारण हाड कपाने वाली ठंड शुरू हो गई है। सुबह छोट छोटे बच्चे कपकपाते हुए स्कूल जाते नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है हाड कपाने वाली ठंड को देखते हुए जिला कलेक्टर के द्वारा कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के स्कूलों की छुट्टी घोषित कर देना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार से ठंड का प्रकोप बढ रहा है उसके कारण बच्चों के लिए खतरा साबित हो सकता है बच्चे बीमार पड जायेगे।

#### सावधानी बरतने की सलाह

मौसम विभाग ने जिले के निवासियों को सलाह दी है कि वे इस बदलते मौसम के साथ अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कदम उठाएं। घने कोहरे के कारण सडक़ दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को रफ्तार धीमी रखने और हेडलाइट का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उचित गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। कृषि विभाग ने भी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी फसलों को ठंड से बचाने के लिए उचित उपाय करें। फसलों को ठंड से बचाने के लिए किसानों को नाइट कवर, धुआं जलाने और पानी का छिडक़ाव करने जैसे उपायों को अपनाने के लिए कहा गया है।

#### ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन, आदेश जारी

जिले में लगातार मौसम में हो रहे परिवर्तन एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनज़र जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर द्वारा स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 05 जनवरी से तत्काल प्रभावशील होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त सीबीएसई, आईसीएसई एवं नवोदय विद्यालय, जो दो पालियों में संचालित हो रहे हैं, उनके संचालन समय में बदलाव किया गया है। आदेश के तहत प्रथम पाली का संचालन समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। द्वितीय पाली का संचालन समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं जो विद्यालय एक पाली में संचालित हो रहे हैं, उनका संचालन समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय विद्यार्थियों को ठंड से होने वाली परेशानी एवं जोखिम को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उक्त आदेश को कलेक्टर द्वारा अनुमोदन प्राप्त है। जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो ने समस्त संबंधित अधिकारियों, विद्यालय प्रमुखों एवं शैक्षणिक संस्थानों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परिवार के साथ मनाया न्यू ईयर, खेल प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

### पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और परिवारजनों ने खेल प्रतियोगिताओं में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नववर्ष के अवसर पर पुलिस लाईन अनूपपुर के परेड ग्राउंड में रविवार 4 जनवरी को खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया गया। दिनभर चले आयोजनों में महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुभाग अनूपपुर, अनुभाग कोतमा एवं अनुभाग पुष्पराजगढ़ की टीमों के मध्य किया गया। प्रथम मैच पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अनुभाग अनूपपुर के बीच खेला गया, जिसमें अनुभाग अनूपपुर विजेता रहा। द्वितीय मैच अनुभाग कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ के मध्य हुआ, जिसमें कोतमा की टीम ने जीत दर्ज की। फाइनल मैच अनुभाग कोतमा एवं अनुभाग अनूपपुर के बीच खेला गया, जिसमें अनुभाग कोतमा विजेता एवं अनुभाग अनूपपुर उपविजेता रहा।

एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 20 मीटर दौड़ ग्रुप ए में सार्थक अहिरवार प्रथम एवं आदर्श पाण्डेय द्वितीय रहे। ग्रुप बी में अंश कोरी प्रथम व व्योम सिंह द्वितीय तथा ग्रुप सी में आरूशी रैदास प्रथम व आराध्या रैदास द्वितीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ ग्रुप ए में गुंजन प्रजापति प्रथम, वंशिका द्विवेदी द्वितीय एवं निधि सिंह तृतीय रहीं। ग्रुप बी में विवेक बंधैया प्रथम, अक्षत बर्मन द्वितीय व हिमांशु तृतीय तथा ग्रुप सी में शुभम सिंह राठौर प्रथम, नवनीत सिंह द्वितीय एवं यशराज शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

मनोरंजक प्रतियोगिताओं में नींबू दौड़ ग्रुप ए में शुभम सिंह राठौर प्रथम व मयंक मिश्रा द्वितीय रहे, जबकि ग्रुप बी में आदित्य साहू प्रथम व पृथ्वी परस्ते द्वितीय रहे। जलेबी दौड़ में अश्विन बारेला प्रथम, नित्यांत कुमार कोल द्वितीय एवं अक्षत बर्मन तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं के बीच आयोजित चेयर रेस में शिवानी विश्वकर्मा प्रथम, रूचि साहू द्वितीय एवं लक्ष्मी पट्टा तृतीय रहीं।

रस्सा कसी प्रतियोगिता महिलाओं के बीच पुलिस कॉलोनी चचाई रोड एवं पुरानी बस्ती की संयुक्त टीम तथा बरबसपुर पुलिस कॉलोनी के मध्य खेली गई, जिसमें चचाई रोड एवं पुरानी बस्ती की टीम विजेता रही। पुरुषों की रस्सा कसी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय /पुलिस लाईन की संयुक्त टीम, अनुभाग अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें अनुभाग अनूपपुर की टीम विजेता बनी।

उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाईन में दिनभर उत्सव का माहौल बना रहा। सम्पूर्ण अनूपपुर पुलिस एक परिवार के रूप में एकत्रित हुई और सभी ने साथ बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाईन के अधिकारी-कर्मचारी तथा उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## जंगल में रेत खनन करते वन विभाग ने जप्त किया ट्रैक्टर, चालक एवं मजदूर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जैतहरी वन परिक्षेत्र के गढ़ियाटोला बीट के जंगल में रविवार को जंगल के अंदर नाला से रेत खनन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ कर जप्त किया इस दौरान ट्रैक्टर चालक एवं मजदूर फरार हो गए। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा ने बताया गया कि रविवार की दोपहर वन परिक्षेत्र जैतहरी के गढ़ियाटोला बीट अंतर्गत के कक्ष क्रमांक आर,एफ,322 खोरीबाबा जंगल के पास नाला से कुछ मजदूरों द्वारा फावड़ा तसला से अवैधानिक तरह से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरे जाने की सूचना मुखबिर से मिलने पर जंगल गस्त कर रहे परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं गढ़ियाटोला वनरक्षक नारेंद्र कुमार पटेल को मिलने पर वन कर्मचारी सुरक्षा श्रमिकों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा गया कि कुछ मजदूर जंगल के अन्दर नाला से फावड़ा से रेत खोद कर तसला में भर कर ट्रैक्टर ट्राली में भर रहे थे वन कर्मचारियों को देखते ही मजदूर एवं ट्रैक्टर चालक स्थल से भाग गए इस दौरान वन विभाग की टीम द्वारा रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली एवं स्थल पर पड़े फावड़ा एवं तसला को जप्त कर वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रैक्टर ट्रॉली को परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर परिसर में ला कर रखा गया वन विभाग की टीम द्वारा ट्रैक्टर चालक एवं ट्रैक्टर मालिक की तलाश की जा रही है।

## उपार्जन केन्द्रों में बारिश से धान की सुरक्षा हेतु किए जाएं आवश्यक प्रबंध-प्रभारी कलेक्टर

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है कि वर्तमान मौसम की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश की स्थिति में उपार्जित धान सुरक्षित रहे तथा किसी प्रकार की क्षति न हो। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर धान को पूर्णतः तिरपाल से ढंककर रखा जाए एवं केन्द्रों पर नाली व जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रभारी कलेक्टर श्रीमती अर्चना कुमारी आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों का नियमित भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही उपार्जित धान का परिवहन प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से कराया जाए। उपार्जन केन्द्र में कृषकों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने जिले में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना तथा गौशालाओं की स्थिति एवं संचालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के अनुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का वस्तुस्थिति के अनुरूप समाधान करें तथा प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता पूर्ण जवाब दर्ज किया जाए।

प्रभारी कलेक्टर ने कृषि विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा कृषकों को हाट-बाजार से जोड़ने हेतु प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही प्रभारी कलेक्टर ने प्राचार्य, आईटीआई से मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर योजना की साप्ताहिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए तथा अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उद्यानिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सहकारिता विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो एवं प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा को बजट नियंत्रित योजना बनाने का कांग्रेस ने किया विरोध, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अनूपपुर के नेता और पंच राजू चौधरी के नेतृत्व में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नई नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिला कलेक्टर के नाम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 अंजू मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मनरेगा के मूल स्वरूप में बदलाव और (जी-ग्राम जी) योजना के विरोध में सौंपा गया है। राजू चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार को गरीब समर्थक बताकर ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह योजना मनरेगा के तहत मिलने वाले 'काम के गारंटीड अधिकार' को छीनने का प्रयास है।

#### "आजीविका पर सीधा हमला"

ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार ने ग्रामीण रोजगार के 'डिमांड ड्रिवन' (मांग आधारित) स्वरूप को कमजोर कर दिया है और इसे एक 'बजट नियंत्रित योजना' में बदल दिया है। कांग्रेस का कहना है कि यह करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला है।

#### ये रहे उपस्थितः

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से राजू चौधरी, मित्तल महरा, अरुण चौधरी, काशी, निगम, राजकुमार बलराम प्रजापति, नंद लाल चौधरी, शिवकुमार धर्मदास, मुन्ना, समर, हनुमान रजक, रामेश्वर और अंशु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के लिए वरिष्ठ नागरिकों से 7 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहतद्वारका-सोमनाथ यात्रा के लिए 7 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। तीर्थयात्रियों की विशेष रेलगाडी 21 जनवरी 2026 को अनूपपुर रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर शहडोल व उमरिया रेलवे स्टेशन होते हुए द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के पश्चात 27 जनवरी को जिले में वापस होगी। अनूपपुर जिले के 200 यात्री मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत तीर्थयात्रा पर जा सकेंगे। जिले के वरिष्ठ नागरिक 7 जनवरी तक यात्रा के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पति-पत्नी (महिला को 2 वर्ष की छूट) आवेदन कर सकते हैं। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ समग्र आईडी, वोटर आईडी या आधार कार्ड की प्रतिलिपि देना अनिवार्य है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया है कि यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिक ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से तथा नगरीय क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिक मुख्य नगरपालिका अधिकारी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।